

# किराना दुकान में भीषण आग से सामान खाक

▸ खिरीया नारायण टेकरी में रात दो बजे लगी आग, 6 लाख के नुकसान का अनुमान

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 28 जून. बेगमगंज नगर के खिरीया नारायणदास टेकरी, वार्ड क्रमांक 10 में शनिवार देर रात करीब 2 बजे अज्ञात कारणों से रफीक खां नामक किराना व्यापारी की एक किराना दुकान में भीषण आग लग गई.**

आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी दुकान उसकी चपेट में आने से जलकर खाक हो गई. घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी. प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान संचालक रफीक की किराना दुकान में रखा लाखों रुपये का किराने का सामान में खाने - पीने की समस्त सामग्री तेल, घी, दालें, चावल, शक्कर, ड्रायफ्रूट्स, सर्फ -साबुन, शेंपू, सौंदर्य प्रशाधन सामग्री एवं अन्य कास्मिटेक सामग्री इत्यादि एवं आग की चपेट में आने से दुकान में रखा किराना की समस्त सामग्री,एक फ्रिज, एक एलईडी टीवी सहित अन्य घरेलू एवं व्यावसायिक सामान भी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया है. प्रारंभिक जांच में अनुमानित अग्निकांड में करीब 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ है. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया.

काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान का अधिकांश सामान जल चुका था. राहत की बात यह रही कि घटना के समय दुकान बंद थी, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई.

> आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है. प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. संबंधित विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है. इस अग्निकांड से दुकान संचालक रफीक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने एवं आग लगने के कारणों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है.

# जोगीपुरा में आंधी से मकान का छप्पर उड़ा

▸ खंभे गिरे, बिजली गिरने से 60 गांवों में अंधेरा

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 28 जून. शनिवार देर शाम रायसेन जिले के सांची विकासखंड के ग्राम जोगीपुरा क्षेत्र में आंधी ने जमकर कहर बरपाया. इस प्राकृतिक आपदा में जहां कई परिवारों का आशियाना उजड़ गया, वहीं क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई. तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि इसकी चपेट में आने से कई जगह भारी नुकसान की खबरें हैं.**



आंधी का सबसे ज्यादा असर जोगीपुरा के ग्रामीण खिलौना अहिरवार के परिवार पर पड़ा. उनके मकान के ऊपर रखी टीन की चादरें और छप्परहवा में उड़ गए. पूरे परिवार ने भागकर अपनी जान बचाई. छत गिरने और मलबे की चपेट में आने से घर के भीतर रखा घरेलू सामान, अनाज और कपड़े खराब हो गए, जिससे पीड़ित परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ .आंधी से खेतों और रास्तों के किनारे लगे बिजली के खंभे उखड़कर गिरे. मेढ़की फीडर के पास लगे बिजली के जंफर पर आकाशीय बिजली गिरी. इससे सलामतपुर, आसपास के करीब 60 गांवों की बिजली सप्लाई ठप हो गई.विद्युत वितरण कंपनी के जेई मनीष कुमार श्रीवास्तव और उनकी टीम देर रात तक बारिश के मौसम के बीच फॉल्ट ढूंढने और टूटी लाइनों को दुरुस्त करने के कार्य में जुटे रहे.

### ▸ मुआवजा देने की मांग

आंधी से सांची नगर के वार्ड क्रमांक 13 में भारी नुकसान हुआ है. राजू मीणा के मकान की छत पर लगी सीमेंट की चादरें उड़कर नीचे गिर गईं, जिससे घर के अंदर रखा सोफा, रसोई का सामान, बर्तन, अनाज सहित अन्य घरेलू सामग्री क्षतिग्रस्त हो गई. गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर थे. राजू मीणा ने बताया कि उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है. अब अब स्थिति यह है कि सर छुपाने भी छत नहीं बची है. अगर तीन की चांदनी लेकर आएंगे तो उन्होंने भी लाखों रुपए खर्च हो जाएंगे इतनी गुंजाइश नहीं है. पीड़ित ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत कराने के लिए नगर परिषद में आवेदन किया, लेकिन अब तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा और शीघ्र आवास उपलब्ध कराने की मांग की है.

**प्रशासन से मुआवजे की मांग-** इस तबाही के बाद जोगीपुरा के ग्रामीणों और पीड़ित परिवार में भारी मायूसी है. प्रभावित खिलौना अहिरवार और अन्य ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द राजस्व टीम को मौके पर भेजकर नुकसान का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए, ताकि बेघर हुए गरीब परिवार को उचित आर्थिक सहायता और मुआवजा मिल सके.

## बागोद में शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**सलामतपुर, 28 जून.** शनिवार को पुलिस ने ग्राम बागोद में देसी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस अनुसार, शनिवार को सलामतपुर थाने के एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक नितिन और आरक्षक राहुल रघुवंशी की टीम क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कस्बा भ्रमण (गश्त) पर थी. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बागोद में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने की फिराक में घूम रहा है. पुलिस टीम ग्राम बागोद पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध को दबोच लिया.पकड़े गए आरोपी की पहचान दशरथ प्रजापति (उम्र 36 वर्ष), पिता चंदन सिंह प्रजापति, निवासी ग्राम बागोद के रूप में हुई है.

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**रायसेन, 28 जून.** जिला मुख्यालय स्थित वार्ड क्रमांक 11 पटेल नगर में बूथ क्रमांक 138 पर पहुंचकर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 135वे एपिसोड को ध्यान पूर्वक सुना इसके पश्चात मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के तहत बहुत से ऐसे संस्मरण सुनाए जाते हैं जिन्हें सुनकर एक नई ऊर्जा का संचार होता है. वास्तव में मोदी आधुनिक भारत को पूरी दुनिया में आगे बढ़ने का बेहतर से बेहतर कार्य कर रहे हैं, मन की बात के माध्यम से जो प्रेरणा हमें मिलती है वह देश की निरंतर तरक्की में सहायक सिद्ध हो रही है. मन की बात कार्यक्रम के दौरान देश की जनता दिए गए संदेश में पीएम मोदी ने आगामी श्री गणेश उत्सव को देखते हुए कहा कि श्री गणेश प्रतिमा मिट्टी से बनी होना चाहिए उन्होंने सभी से मिट्टी की ही गणेश प्रतिमा खरीदने का आह्वान किया.इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष शर्मा का सभी मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता चंपालाल महेश्वरी, आईटी सेल के जिला संयोजक ब्रज विश्वकर्मा, विकास लोहट, बूथ अध्यक्ष यशवंत धाकड़, हरिनारायण साहू, राजीव गौर, धर्मेंद्र शर्मा, विकाश विश्वकर्मा सहित वार्ड नंबर 11 के अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्ड वासी मौजूद रहे.





## पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**बेगमगंज, 28 जून.** 28 जून से 30 जून तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने सिविल अस्पताल में बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप्स की खुराक देकर की. इस अवसर पर तहसीलदार प्रमोद उइके, बीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर, नपाध्यक्ष संदीप लोधी,नपा उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अजय जाट, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मी दुवे, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र सिंह तोमर, डॉ बब्लू साहू, बीपीएम जय सिंह, बीपीओ सुनील राय उपस्थित रहे.

## भाजपा जिलाध्यक्ष का आभार जताया

**रायसेन, 28 जून.** भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पद पर ब्रज विश्वकर्मा को पुन: नियुक्त किए जाने पर विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर रविवार को जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष एडवोकेट धनीराम विश्वकर्मा,समरथ सिंह विश्वकर्मा, मुन्नालाल विश्वकर्मा, शुभम विश्वकर्मा, शिव प्रसाद विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, संजय राठौर, हरीश विकास लोहट आदि मौजूद रहे.

# बम्होरी में बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

▸ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पोलियो दिवस अभियान की शुरुआत

**बम्होरी, 28 जून. पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्होरी में पोलियो दिवस मनाया गया. अभियान की शुरुआत स्वास्थ्य केंद्र पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर की गई. पूरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने केंद्र सहित निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई.**



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पोलियो से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को समय-समय पर पोलियो की खुराक देना आवश्यक है. स्वास्थ्यकर्मियों ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित नहीं रहना चाहिए. जिन बच्चों को पहले खुराक मिल चुकी है, उन्हें भी अभियान के दौरान दवा अवश्य पिलाई जाए. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि अभियान के तहत क्षेत्र के सभी पात्र बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है. स्वास्थ्य केंद्र के साथ विभिन्न बूथों पर भी व्यवस्था की गई.घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी.

## बूथ स्तर पर दिया डिजिटल प्रशिक्षण

**बेगमगंज, 28 जून.** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यालय में रविवार को बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने की. बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा कार्यकर्ताओं के बूथ पर डिजिटल प्रशिक्षण अभियान को लेकर के समस्त कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए समस्त बूथ कार्यकर्ताओं सहित मंडल के समस्त कार्यकर्ताओ को डिजिटल प्रशिक्षण अभियान पूर्ण करके प्रमाणपत्र डाउनलोड करने के विषय में मार्गदर्शन दिया.

# राहतगढ़ जाकर किसान ने की आत्महत्या

▸ ग्राम मूड़ला चावल के किसान ने लगाई फांसी

**बेगमगंज, 28 जून.** ग्राम मूड़ला चावल निवासी एक किसान ने सागर जिले के राहतगढ़ के पास स्थित पर्यटन स्थल वाटरफॉल जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूत्रों के अनुसार ग्राम मूड़ला चावल निवासी किसान हल्के भाई उर्फ रणधीर सिंह यादव 38 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते सागर जिले के राहतगढ़ वाटरफॉल के पास एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. शनिवार की सुबह जब वाटरफॉल घूमने के लिए कुछ सैलानी पहुंचे तो उन्होंने एक व्यक्ति की लाश फांसी के फंदे पर झूलती हुई देखकर डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी.

> **आत्महत्या की धमकी दी थी**
>
> इस बीच मृतक के परिजनों ने भी पुलिस को सूचना दी थी कि हल्के भाई ने मोबाइल पर आत्महत्या करने की धमकी दी थी ओर परिजन भी आशंका के चलते वाटरफॉल पहुंच गए थे. मौके पर पहुंची राहतगढ़ पुलिस ने उसकी शिनाख्त की. पुलिस ने मृतक के घर वालों को घटना की सूचना देकर शव की शिनाख्त कराई.

### ▸ मोबाइल पर कहा-बच्चों का ख्याल रखना

परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को वह घर से राशन लेने का कह कर निकले थे ओर परिजनों एवं रिश्तेदारों को उन्होंने मोबाइल पर आत्महत्या करने की बात कहीं थी कि वह अपनी जीवन लीला खत्म कर रहे है. उनके बच्चों का ध्यान रखना. अभी तक किसी प्रकार का पारिवारिक विवाद भी सामने नहीं आया है. राहतगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है.

## नाजिया के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**देवरी (रायसेन), 28 जून.** पैगंबर-ए-इस्लाम (नबी) की शान में नाजिया इलाही द्वारा कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की स्थानीय इकाई देवरी ने विरोध दर्ज कराते हुए देवरी थाने में ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने कहा है ना जिया इलाही द्वारा कथित तौर पर पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में कथित रूप से टिप्पणी कर समस्त मुस्लिम समाज को ठेस पहुंचाई है. मुस्लिम समाज ने मांग की है कि नाजिया इलाही के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी



कार्रवाई की जाए.ज्ञापन देने वालों में जमीयत उलेमा हिंद के सदर मौलवी रईस खान ,सैयद इरशाद खान ,आबिद अली ,एडवोकेट सैयद फैसल, पार्षद लईक खान, के साथ-साथ भारी तादाद में मुस्लिम युवा मौजूद थे.

## वीरपुर का यात्री प्रतीक्षालय जेसीबी ने तोड़ा

**बेगमगंज, 28 जून.** शनिवार की शाम ग्राम वीरपुर के यात्री प्रतीक्षालय को एक जेसीबी मशीन चालक द्वारा तोड़ दिया गया और फरार हो गया. घटना की पुलिस को रिपोर्टकर्ता कमलेश चौबे ने बताया कि बीती शनिवार की शाम को अज्ञात जेसीबी चालक यात्री प्रतीक्षालय की दीवारें पीछे से गिराते हुए भाग गया.जो भविष्य में कभी भी पूरा का पूरा गिर सकता है. इसलिए उसका बंदोबस्त किया जाए. थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि जेसीबी चालक की तलाश की जा रही है.

# एसडीएम सौरभ मिश्रा का तबादला

**बेगमगंज, 28 जून.** बेगमगंज के एसडीएम सौरभ मिश्रा का तबादला जबलपुर नगर निगम में डिप्टी कमिश्नर के पद पर किया गया है. वे पिछले लगभग तीन वर्षों से बेगमगंज में एसडीएम के पद पर पदस्थ थे.

अपने कार्यकाल के दौरान सौरभ मिश्रा ने कानून व्यवस्था बनाए रखने, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, जनसुनवाई और विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय योगदान दिया. उनके स्थानांतरण के बाद फिलहाल बेगमगंज में नए



एसडीएम की पदस्थापना नहीं की गई है.

प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए बेगमगंज तहसीलदार को एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. जब तक शासन द्वारा नए एसडीएम की नियुक्ति नहीं की जाती, तब तक तहसीलदार ही अनुविभागीय अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन करेंगे. मिश्रा के स्थानांतरण की खबर सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. वहीं, क्षेत्रवासियों की नजर अब बेगमगंज में नए एसडीएम की नियुक्ति पर टिकी हुई है.

## विधायक डॉ. चौधरी ने किया पल्स पोलिया अभियान का शुभारंभ

**रायसेन, 28 जून.** सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा रविवार जिला अस्पताल में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ अनिल ओड सहित अन्य अधिकारी तथा समाजसेवी उपस्थित रहे. अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को जिले में



बनाए गए 740 बूथों पर रविवार को पोलियों की खुराक पिलाई गई. साथ ही बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, ईट भट्टों तथा चलित आबादी बस्ती में पल्स पोलियों की दवाई पिलाई जाएगी.

**पर्यावरण** ▸ अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना

# पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने सिविल अस्पताल में किया पौधारोपण

फोटो- प्लांट

**सिलवानी, 28 जून. मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने सिविल अस्पताल सिलवानी पहुंचकर पौधारोपण किया तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की.**

इस दौरान पूर्व मंत्री ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण भी किया. उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, उपचार व्यवस्था, दवाओं



की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने बीएमओ एवं उनकी पूरी टीम की सराहना की. उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं.

रामपाल सिंह ने अस्पताल परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया.

उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है. अस्पताल में बेहतर व्यवस्थाएं देखकर उन्होंने बीएमओ एवं समस्त स्वास्थ्य अमले को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के भाव से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की.

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा नेता विभोर नायक, संदीप शर्मा, पुनीत, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, सर्वेश खरे, बीएमओ डॉ. आर एस पटेल सिविल अस्पताल स्टाफ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# शाला भवन क्षतिग्रस्त, छात्रों की जान को खतरा

▸ ग्राम वीरपुर के विद्यालय भवन की छत में दरारें

**बेगमगंज, 28 जून. ग्राम वीरपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन की छत में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और छत की लोहे की राडें भी बाहर आ गई हैं, छत की दरारों से बारिश का पानी अंदर टपक रहा है. फर्श गीली एवं सीलन होने के कारण कक्षाओं में विद्यार्थी नहीं बैठ पा रहे हैं.**

छात्रों एवं अभिभावकों का आरोप है कि शासन -प्रशासन , शिक्षा विभाग एवं ग्राम पंचायत की अनदेखी से क्षेत्र के सैकड़ों छात्रों के भविष्य पर अंधकारमय होने का खतरा मंडरा रहा है. जर्जर शाला भवन को लेकर विद्यालय



के प्रभारी प्रधानाध्यापक मुन्नालाल गायकी द्वारा बीआरसी, बीईओ एवं सरपंच को पत्र में लिखा है कि वर्षों पुराने भवन में वर्षा ऋतु में कोई गंभीर घटना ना हो जाए. इसलिए समय रहते क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत कराया जाना आवश्यक है , अथवा अन्य कहीं विद्यालय शुरू कराया जाए ताकि छात्रों एवं शिक्षकों की सुरक्षा हो सके. वर्तमान में प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से पांचवी तक 50 एवं माध्यमिक में कक्षा 6 वी से 8 वी तक 90 विद्यार्थियों के नाम दर्ज है और संख्या बढ़ने की उम्मीद है.

इस संबंध में बीआरसी अर्जुन सिंह सिसोदिया का कहना है कि उन्होंने प्रधानाध्यापक को बोल दिया है कि अभी मरम्मत का बजट नहीं आ रहा है तो नीचे जो अतिरिक्त कक्षाओं के लिए दो कमरों का निर्माण हुआ है , उनमें शाला संचालित करें.